# सामूहिक विवाह में 200 जोड़े सूत्र में बंधे



**हरदा, 20 अप्रैल.** जिले में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सोमवार को भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किए गए, जिनमें कुल 200 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे. जिले के अलग-अलग स्थानों पर आयोजित इन कार्यक्रमों में सामाजिक उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला.

जनपद पंचायत हरदा द्वारा ग्राम अबगांवखुर्द में 29 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, जबकि टिमरनी स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में नगर पालिका परिषद द्वारा 151 जोड़ों का सामूहिक विवाह पूरे रीति-रिवाज के साथ आयोजित किया गया. वहीं खिरकिया नगर परिषद द्वारा 20 जोड़ों का सामूहिक निकाह समारोह आयोजित किया गया.

खिरकिया में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. आर.के. दोगने, कमल पटेल और जनपद अध्यक्ष रानू दशरथ पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और विवाह प्रमाण-पत्र एवं आर्थिक सहायता स्वीकृति पत्र प्रदान किए. टिमरनी में आयोजित समारोह में दूल्हों की बारात घोड़े और बग्गी पर निकाली गई, जिसका विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया. कार्यक्रम में संजय शाह, नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र भारद्वाज और पार्षद सुनील दुबे ने नवदंपत्तियों को सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं.

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को उपहार भी वितरित किए. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिससे आयोजन सफल और यादगार बन गया.

## सामुहिक कन्या विवाह में 142 विवाह व 18 निकाह हुए

**पिपरिया, 20 अप्रैल.** जिलें में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह एवं निकाह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम नगरपालिका एवं जनपद पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में नई गल्लामंडी ट्राली शेड के बाहर प्रांगण में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में कुल 142 विवाह और 18 निकाह संपन्न हुए.

नगरपालिका में प्राप्त कुल 123 पंजीकरणों में से 107 विवाह और 16 निकाह मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित किए गए. वहीं सामूहिक कन्या विवाह के लिए आए 54 आवेदनों में से 35 कन्याओं के विवाह संपन्न हुए, जबकि 19 कन्याओं और वर पक्ष के परिजन अनुपस्थित रहे. इसी आयोजन में मुस्लिम समुदाय के दो जोड़ो का निकाह भी कराया गया. कार्यक्रम के दौरान विधिवत रूप से विवाह स्थलों की व्यवस्था की गई थी. शेड क्रमांक 1 से 3 तक क्रमशः जोड़ों की बैठने की व्यवस्था की गई, जबकि निकाह हेतु अलग शेड निर्धारित किया गया था. इस अवसर पर विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, जनपद अध्यक्ष संध्या सिंगारे सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने वर-वधू को आशीर्वाद देकर सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं. मुस्लिम समाज एवं अंजुमन इस्लामिया कमेटी द्वारा निकाह करने वाले 18 जोड़ों को लगभग 100 प्रकार की गृहस्थी उपयोगी सामग्री भी भेंट की गई. फहीम अब्दुल्ला के अनुसार समाज ने इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई.

हालांकि आयोजन के दौरान भीषण गर्मी और कुछ व्यवस्थागत खामियों के कारण परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ा. पानी की कमी और लेट-लतीफी के चलते महिलाएं एवं बच्चे अधिक प्रभावित हुए, और एक महिला के चक्कर आने की भी सूचना मिली. कार्यक्रम का संचालन मृत्युंजय पाराशन ने किया.



# अक्षय तृतीया पर जनेऊ संस्कार 11 बटुकों का हुआ यज्ञोपवीत

**अक्षय तृतीया के अवसर पर नर्मदापुरम जिले में सोमवार को सामूहिक**

**नर्मदापुरम, 20 अप्रैल. अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सोमवार को सामूहिक जनेऊ संस्कार (यज्ञोपवीत) का आयोजन किया गया. इस धार्मिक कार्यक्रम में 11 बटुकों का विधि-विधान से यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न कराया गया.**

मालाखेड़ी रोड स्थित खेड़ापति मंदिर में आचार्य पंडित हरिओम मिश्रा के सान्निध्य में यह आयोजन हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत सुबह हर्बल पार्क घाट पर दशविधि स्नान से हुई, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने हर्बल पार्क से मंदिर तक पदयात्रा निकाली.

मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक धार्मिक विधियों के बीच बटुकों को जनेऊ धारण कराया गया. इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे आयोजन में भक्ति व श्रद्धा का माहौल बना रहा.

## एक नजर में

### स्कूटी में लगी आग से मची अफरा- तफरी

**पिपरिया, 20 अप्रैल.** जिले के मंगलवारा चौराहा क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई. यह घटना शोभापुर रोड पर एक नमकीन दुकान के सामने हुई, जहां स्कूटी चार्जिंग पर लगाई गई थी. जानकारी के अनुसार दोपहर लगभग 12:30 बजे स्कूटी से अचानक धुआं निकलता दिखाई दिया, जिससे आसपास मौजूद लोग घबरा गए. देखते ही देखते धुआं बढ़ने लगा और आग भड़कने लगी. स्थानीय लोगों ने तुरंत पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से बढ़ती जा रही थी. प्रत्यक्षदर्शियों और व्यापारी एडवोकेट सत्यम साहू के अनुसार यह स्कूटी चावल व्यापारी अरविंद साहू की थी, जिसे वे चार्जिंग पर लगाकर दुकान के अंदर चले गए थे. धुआं निकलते ही आसपास खड़े अन्य वाहन बाइक और कार को तुरंत सुरक्षित स्थान पर हटाया गया, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई. घटना के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा खड़ी की गई कार को भी हटाने की कोशिश की गई, ताकि आग फैलने की स्थिति में नुकसान न हो. बाद में उसे धक्का देकर आगे किया गया. समय रहते की गई सतर्कता के कारण बड़ा हादसा होने से बच गया, हालांकि स्कूटी पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई. स्थानीय लोगों ने इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग के दौरान सावधानी बरतने की अपील की है, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके.

### सब्जी मंडी में भाव में आई मंदी

**पिपरिया, 20 अप्रैल.** जिलें की थोक सब्जी मंडी में रविवार को सब्जियों की बंपर आवक देखने को मिली, जिसके चलते बाजार में भावों में भारी गिरावट दर्ज की गई. अत्यधिक आपूर्ति के कारण व्यापारियों के पास सब्जियों का बड़ा स्टॉक जमा हो गया और बिक्री पर भी इसका असर पड़ा. मंडी में गिलकी 8-9 रुपये, ककड़ी 5-6 रुपये, लौकी 5-6 रुपये, बरबटी 5-6 रुपये, भिंडी 5-6 रुपये, गोभी और पत्तागोभी 5-6 रुपये, बैंगन 8-9 रुपये प्रति किलो के भाव में बिके. वहीं तरबूज 6 रुपये, खरबूज 7 रुपये, मिर्ची 20-25 रुपये, पालक 6-7 रुपये, टमाटर 15-16 रुपये, आलू 8-10 रुपये और टिंडा 8-10 रुपये प्रति किलो के भाव पर थोक में उपलब्ध रहा. व्यापारियों के अनुसार इस समय शादियों का सीजन चल रहा है, लेकिन इसके बावजूद सब्जियों की आवक अपेक्षाकृत अधिक होने से मांग के मुकाबले आपूर्ति बढ़ गई है. इसी कारण बाजार में मंदी का माहौल बना हुआ है.

### कोरी घाट तक सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

**नर्मदापुरम.** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) हेमेश्वरि पटले ने वार्ड क्रमांक 2 अंतर्गत सेठानी घाट से लेकर कोरी घाट तक विशेष सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद सफाई कर्मियों को क्षेत्र में नियमित सफाई बनाए रखने और स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए. सीएमओ ने कहा कि घाट क्षेत्र में साफ-सफाई की निरंतरता बनाए रखना आवश्यक है, ताकि नागरिकों और श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण मिल सके.

## जिला जेल हरदा में 25 अप्रैल को स्वास्थ्य एवं विधिक साक्षरता शिविर

**हरदा.** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा के अध्यक्ष श्री अरविंद रघुवंशी के मार्गदर्शन में 25 अप्रैल को जिला जेल, हरदा में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया जाएगा. इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जेल बंदियों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उनके स्वास्थ्य में सुधार सुनिश्चित करना है. शिविर के दौरान प्रत्येक बंदी को एक हेल्थ कार्ड भी प्रदान किया जाएगा, जिसमें उसकी बीमारी का विवरण, आवश्यक सावधानियाँ, क्या करें-क्या न करें तथा आहार संबंधी जानकारी दर्ज होगी.

# व्यापारी का बैग चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**हरदा, 20 अप्रैल. जिलें में चोरी की एक घटना का पुलिस ने महज कुछ घंटों में खुलासा कर सराहनीय कार्य किया. व्ही.वी. गिरी वार्ड स्थित बोहरा मस्जिद गली में रविवार शाम हरसूद के व्यापारी सौरभ सोनी का लेदर बैग चोरी हो गया था. बैग पिकअप वाहन के केबिन में रखा था, जिसका कांच खुला होने का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश उसे चुरा ले गए.**

पीड़ित की शिकायत पर सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज किया गया. बैग में जरूरी दस्तावेज, एक मोबाइल फोन और करीब 6 हजार रुपये नकद रखे थे. सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और करीब 20 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली. साथ ही साइबर सेल की मदद से आरोपियों की पहचान की गई.



जांच के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों—विष्णु और सजन सोलंकी (22 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया. दोनों आरोपी आपस में दोस्त बताए जा रहे हैं. पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया बैग, मोबाइल और नकदी भी बरामद कर ली है. अधिकारियों के अनुसार, एक आरोपी पर पहले से भी चोरी के मामले दर्ज हैं.

थाना प्रभारी आर.एस. तिवारी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में पुलिस टीम की सतर्कता और त्वरित जांच अहम रही. टीम में उपनिरीक्षक सुनील बिसौने, आरक्षक वीरेंद्र राजपूत, साइबर सेल के कमलेश परिहार और सैनिक सूरज पासी की विशेष भूमिका रही. पुलिस की इस तेजी से कार्रवाई ने न केवल चोरी का खुलासा किया, बल्कि आम नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास भी मजबूत किया है.

## खाद-बीज दुकानों का सघन निरीक्षण

**नर्मदापुरम.** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश एवं उपसंचालक कृषि डॉ. रविकांत सिंह के मार्गदर्शन में सोमवार को शहर की विभिन्न खाद-बीज दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया. इस दौरान तोमर एग्रो एजेंसी, शंकर खाद बीज भंडार, साक्षी एग्रो एजेंसी एवं रेवा कृषि सेवा केंद्र सहित अन्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई. निरीक्षण दल में जिला कार्यालय से सहायक संचालक कृषि शैलेंद्र राठौर, डॉ. राजीव यादव तथा विकासखंड नर्मदापुरम से कृषि विस्तार अधिकारी श्री राजकुमार उईके शामिल रहे. टीम द्वारा दुकानों के स्टॉक पंजी, बिल बुक, गोदाम में उपलब्ध उर्वरकों की भौतिक स्थिति का परीक्षण किया गया

## परशुराम जन्मोत्सव के तहत टैलेंट शो आज

**हरदा, 20 अप्रैल.** सर्व ब्राह्मण समाज संगठन द्वारा पांच दिवसीय परशुराम जन्मोत्सव मनाया जा रहा है. इसी क्रम में आज महिला संगठन द्वारा बालक-बालिकाओं के लिए विशेष टैलेंट शो का आयोजन किया जा रहा है.

महिला संगठन की सचिव अदिति गुरु ने बताया कि 21 अप्रैल को बाविसा ब्राह्मण समाज धर्मशाला में दोपहर 3 बजे से 13 वर्ष तक के बच्चों के लिए कार्यक्रम होंगे. इसमें टैलेंट शो के साथ-साथ ऐतिहासिक एवं धार्मिक किरदारों पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी कराई जाएगी.

इस प्रतियोगिता में 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर प्रतिभागियों को अवसर दिया जाएगा. विजेताओं के लिए आकर्षक इनाम भी रखे गए हैं.

महिला संगठन की अध्यक्ष विनीता राजोरिया ने सभी महिलाओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है. कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में सांस्कृतिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक विषयों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और

# बजरंग दल ने तिलक लगाकर किया प्रदर्शन

**हरदा, 20 अप्रैल. जिले में सोमवार को लेंसकार्ट शोरूम के बाहर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा एक विरोध प्रदर्शन किया गया. यह शोरूम अस्पताल चौराहे के पास स्थित है. प्रदर्शन का कारण सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा एक कथित दस्तावेज बताया गया, जिसे कंपनी के सीईओ पियूष बंसल से जोड़कर देखा जा रहा था.**

इस कथित दस्तावेज में धार्मिक प्रतीकों को लेकर आपत्तिजनक दिशा-निर्देश होने का दावा किया गया था, जिसमें यह कहा गया था कि हिजाब की अनुमति है, लेकिन कलावा, बिंदी या माथे पर सिंदूर जैसे धार्मिक चिन्हों को दिखाने पर रोक है. हालांकि इस दस्तावेज की प्रामाणिकता की किसी भी आधिकारिक स्तर पर पुष्टि नहीं हुई है. इसी कथित जानकारी के विरोध में बजरंग दल के कार्यकर्ता शोरूम पर पहुंचे और प्रदर्शन किया. बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध के दौरान शोरूम में मौजूद कर्मचारियों को तिलक लगाया और उनके हाथों में कलावा भी बांधा.



प्रदर्शनकारियों का कहना था कि किसी भी धर्म, संस्कृति या परंपरा के प्रतीकों के साथ भेदभाव स्वीकार नहीं किया जाएगा.

कार्यकर्ताओं ने कंपनी प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में इस प्रकार के किसी भी कथित विवादित आदेश या बयान से बचा जाए. प्रदर्शन के दौरान कई स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें मयूर मराठा, रोहित लाठी, प्रतीक गौर, कामेश पटेल, भरत चौहान, लोकेश विश्नोई, करण चौहान और उदय सहित अन्य लोग शामिल थे.

**नवविवाहित** चौरिया कुर्मी समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में

# सामाजिक एकता और पारिवारिक मूल्यों का प्रतीक : गुड्डुन पाण्डेय

**इटारसी, 20 अप्रैल. जिले में चौरिया कुर्मी समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में सामाजिक एकता और उत्साह का माहौल देखने को मिला. इस अवसर पर कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता और समाजसेवी शामिल हुए और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया.**

कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री कमलेश्वर पटेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डुन पाण्डेय, नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी, वरिष्ठ समाजसेवी चन्द्रगोपाल मलेया और सरपंच नवल पटेल मौजूद रहे. सभी अतिथियों ने नवविवाहित वर-वधू को सुखद, समृद्ध और सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर शिवाकांत गुड्डुन पाण्डेय ने 31 नवदंपत्तियों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन भारतीय संस्कृति, सामाजिक एकता और पारिवारिक मूल्यों का प्रतीक हैं. ऐसे आयोजन न केवल जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक राहत देते हैं, बल्कि समाज में भाईचारे को भी मजबूत करते हैं. पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने कहा कि ऐसे सम्मेलन सामाजिक समरसता, सादगी और सहयोग की भावना को बढ़ाते हैं और अनावश्यक खर्चों को कम करने का संदेश देते हैं. उन्होंने समाज से ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने की अपील की.




नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने भी इसे जरूरतमंद परिवारों के लिए महत्वपूर्ण पहल बताते हुए सामाजिक सद्भाव और सहयोग की भावना को मजबूत करने वाला आयोजन बताया. कार्यक्रम में ओम सेन, अतुल तिवारी, जिला प्रवक्ता अनिल रेक्रवार, बबलू बस्तार्वर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे. आयोजन में कुल 31 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ, जिससे माहौल उत्सवपूर्ण और भावनात्मक रहा.

## खान-पान और दिनचर्या में सुधार का दिया संदेश

**इटारसी, 20 अप्रैल. जिले के न्यास कॉलोनी स्थित साई विद्या मंदिर स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपलक्ष्य में एक गरिमामय पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया. इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया.**

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कक्षा दूसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया एक प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक रहा, जिसका विषय 'पुरानी परंपराओं को अपनाओ, स्वयं को स्वस्थ बनाओ' था. नाटक के माध्यम से बच्चों ने स्वास्थ्य, पर्यावरण और जीवनशैली से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश समाज तक पहुंचाए.

नाटक में बच्चों ने दादी-नानी की परंपरागत सीख और आधुनिक जीवनशैली के बीच संतुलन का संदेश दिया. उन्होंने फ्रिज के ठंडे पानी की जगह मटके के पानी के उपयोग, बिजली की बचत के लिए एसी-कूलर की जगह खस की टाटी के प्रयोग और प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया. साथ ही दातून के उपयोग, जंक फूड से परहेज और पौष्टिक भोजन को अपनाने की अपील की गई.



विद्यार्थियों ने अनुशासित जीवनशैली पर भी बल दिया, जिसमें समय पर उठना, भोजन करना और सोना शामिल था, ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके.

कार्यक्रम के अंत में उपप्राचार्य मनीषा गिरोटिया ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया और बच्चों के प्रयासों की सराहना की. उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि संस्कृति और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी जरूरी है. कार्यक्रम में शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे.